हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 30 जुलाई, 2025



11 ऑन लाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में ....



12 सब्जी के भावों में जबरदस्त उछाल, हरी मिर्ची हुई ...

**खबर संक्षेप**

### पुलिस ने दो माह बाद किया मुकदमा दर्ज

**लोहारू।** करीब दो महीने पहले ढिगावा में प्लाट को लेकर हुए झगड़े के मामले में लोहारू थना पुलिस ने वीरेंद्र सिंह की शिकायत पर दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दिए बयान में वीरेंद्र सिंह ने बताया कि वह पिता भगवाना राम के साथ अपनी जमीन प्लाट पर मुहुर्त अनुसार नींव भरने पहुंचे तो वहां मौजूद एक दंपति ने उस पर हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया तथा उसे उपचार के लिए लोहारू सीएचसी में दाखिल कराया।

### बडराई में कार ने व्यक्ति को मारी टक्कर, मौत

**बाढ़ड़ा।** बडराई में पैदल जा रहे व्यक्ति को कार चालक ने टक्कर मार दी। जिसकी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के परिजन ओमप्रकाश ने बताया कि वह रात करीब 9 बजे गांव में दुकान पर बैठा था। सुखवीर पुत्र रामचंद्र सड़क से जा रहा था। इसी दौरान पीछे से होंडाई कार आई और उसने सीधी टक्कर मार दी। इसके बाद सुखवीर को उपचार के लिए महेंद्रगढ लेकर जा रहे थे तो रास्ते में उसकी मौत हो गई। इसके बाद इसकी शिकायत पुलिस को दी।

### सुरपुरा में बेटे ने बाप पर लगाया चोरी का आरोप

**बहल।** सुरपुरा कलां निवासी एक युवक ने पिता पर घर से एक लाख रुपये नगदी व अन्य सामान चोरी किए जाने का आरोप लगाया है। युवक ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह अपने मामा के यहां गए तो पिछे से उसके पिता ने कमरे के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। सुरपुरा कलां निवासी मनोज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि हमारे मकान के दो हिस्से है। एक हिस्से में मैं अपने परिवार के साथ रहता हूँ जबकि दूसरे हिस्से में उसके भाई का परिवार व उसकी मां रहते हैं।



### नगर परिषद ने शहर में करवाई फोगिंग

**चरखी दादरी।** नगर परिषद द्वारा शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत शहर मे नालों की सफाई का कार्य करवाया जा रहा है। मुख्य नालों एवं तालाबों में मिट्टी के तेल का छिड़काव भी करवाया जा रहा है। सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, मुख्य बाजार, वार्डों में निरंतर फॉगिंग का कार्य करवाया जा रहा है। नगर आयुक्त गुलज़ार मलिक के मार्गदर्शन में स्वास्थ विभाग से डेंगू के केस की प्राप्त सूचना के आधार पर वहां पर मुख्य सफाई निरीक्षक की निगरानी में कार्यालय द्वारा 50 मीटर के दायरे में तुरंत फॉगिंग करवाई जाती है।

# हर रोड पर मुंह खोले खड़ी है मौत मजबूरी में लांघने पड़ रहे डिवाइडर

## डिवाइडरों पर लगी लाइटों के पोल में नंगे तार लटक रहे, तारों की घुंडी बाहर निकली





भिवानी। डिवाइडर पर लगी लाइटों के निकले बिजली के तारऔर लाइटों के बॉक्स पर ढक्कन न लगाए जाने से खुले पड़े बिजली के तार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहर में अनेक जगहों पर डिवाइडरों पर लगी लाइटों के पोल में नंगे तार लटक रहे है। कई पोल ऐसे है,जिनके तारों पर टेप भी नही लगी है। पाइपों के पोल से बाहर निकली बिजली के तारों की घुंडी बाहर निकली हुई है। जो कभी भी किसी वक्त बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

वहीं हांसी गेट से लेकर घंटाघर चौक तक रेलिंग लगी होने की वजह से लोगों को सड़क पार करने के लिए लाइटों के पोल के साथ को निकलना पड़ रहा है। यही स्थिति शहर के अन्य इलाकों की बनी है। अनेक जगहों पर लोग इसी तरह से डिवाइडर को पार करके दूसरी तरफ जाना पड़ रहा है। प्रशासन की लापरवाही की वजह से वजह से



कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

हांसी गेट लेकर घंटाघर चौक तक अनेक जगहों पर लाइटों लगी है। लाइटों के लगे पाइप से बिजली के तार बाहर लटक रहे है। तारों की घुंडी लगाकर बाहर ही निकाला गया है। हैरानी की बात यह है कि इन तारों की बनाई गई घुंडी पर टेप नहीं लगाई गई है। जो कभी भी किसी वक्त मनुष्य या जानवर को छू सकती है। अगर एक बार बिजली के तार से छू गया तो करंट लगना लाजिमी है। उक्त रोड पर करीब 10 पोल पर इसी तरह से तार बाहर निकले हुए है। यहां पर कई जगहों पर लाइटों से निकले बिजली के तार लौहे की ग्रील को भी छू सकते है। अगर तार ग्रील को छूआ तो बड़ा पूरी ग्रील में करंट आना लाजिमी है।

- हांसी गेट से लेकर घंटाघर चौक तक रेलिंग लगी होने की वजह से लोगों को सड़क पार करने के लिए लाइटों के पोल के साथ को निकलना पड़ रहा
- हांसी गेट से लेकर घंटाघर चौक तक करीब 10 पोल पर इसी तरह से तार बाहर निकले हुए हैं

### नंगे तारों पर टेप लगाने वाला कोई नहीं

हांसी गेट की तरह महम गेट से लेकर रोहतक गेट तक, रोहतक गेट से लेकर बावड़ी गेट तक लाइटों के तार बाहर निकले हुए है। जिनकी मरम्मत या नंगे तारों पर टेप लगाने वाला कोई नहीं है। खास बात यह है कि उक्त इलाके में बैंक स्थापित है। विभिन्न कार्यो के लिए अनेक लोग आते है और वे ग्रील व लाइटों के बीच से ही गुजर कर रोड पार करते है।

### लौहे की ग्रिल होने से खतरा और बढ़ा

शहर के सरकूलर मार्ग पर बने डिवाइडर पर लौहे की ग्रील लगी हुई है। उन ग्रीलों के बीच लाइटों के लिए लौहे के पाइप लगे हुए है। जिन पर लाइटें लगाई हुई है, वे सभी लौहे के पाइपों पर लगी है। इन सभी पाइपों पर बिजली के तारों के ज्वाइंट देने के लिए नीचे लौहे के बॉक्स लगे है,लेकिन किसी भी बॉक्स के उपर प्लेट नहीं है। अगर इन बॉक्सों पर प्लेट लग जाए तो करंट लगने का भय कुछ हद तक कम हो जाता है,लेकिन जिला प्रशासन जान बुझ कर इन बॉक्सों पर प्लेट आदि नहीं लगवा रहा है और न ही इन पर टेप आदि लगवाई गई। अगर थोडी सी भी बारिश हो जाए तो इन लौहे के पाइप व ग्रील में करंट आना लाजिमी है। अगर एक जगह पर लौहे की ग्रील से बिजली का तार छू जाए तो पूरे ग्रील में करंट दौड़ने लगेगा।



भिवानी। करंट लगने से हुई मौत के बाद शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए अस्पताल में उपस्थित परिजन। फोटो : हरिभूमि

# डिवाइडर पर लगी लाइट में करंट आने से एक की मौत

- एक घंटा पहले लाइनमैन को भी लगा था करंट का झटका
- दो साल पहले पत्नी की हो गई थी मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बावड़ी गेट इलाके में सड़क के बीच लगे डिवाइडर पर लगी लाइट के पोल में करंट आ गया। जिसके बाद सड़क पर लगी पूरी ग्रील में भी करंट दौड़ने लगा। जिसकी चपेट में बावड़ी इलाके का युवक आ गया। करंट लगने से युवक की मौत हो गई। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शव गृह में रखवा दिया।

जानकारी के अनुसार शाम के वक्त रवि पुत्र महीपाल सड़क पार स्थित एक दवाई की दुकान से दवा लेने के लिए सड़क पार कर रहा था। उसका हाथ डिवाइडर के उपर लगी लाइट के पाइप से छू गया। जिसके चलते वह पाइप के साथ ही खड़ा रह गया। आसपास के लोगों ने लकड़ी के डंडों से उसको हटाया और उसको उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उसको मृत घोषित कर दिया। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शव गृह में रखवा दिया। परिजनों ने बताया कि उक्त लाइट के पोल में पहले से ही करंट था। आसपास के दुकानदारों ने इस बारे में विद्युत निगम के कर्मचारियों को सूचना दी तो एक लाइन मौके पर पहुंचा था। लाइनमैन ने लाइट के पाइप को टेस्टर से चेक किया तो उसमें करंट बह रहा था। उसको भी करंट का झटका लगा था। बाद में वह वापस चला गया। उन्होंने बताया कि अगर निगम के कर्मचारी बिजली की सप्लाई काट देते तो शायद यह हादसा नहीं हो पाता।

### बेटी हो गई अनाथ

यहां यह बताते चले कि मृतक की एक ढाई साल की बेटी है और दो साल पहले उसकी पत्नी की मौत हो गई थी। अब केवल मृतक की एक बेटी ही बची है। अब बेटी का पालन पोषण राम भरोसे है।



भिवानी। सीबीएलयू में एमओयू साइन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना के तहत एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, ने शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा संघम 2025 में बोर्ड ऑफ एप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग (उत्तरी क्षेत्र), कानपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना (एनएटीएस) के तहत प्रशिक्षुता अंतर्निहित डिग्री कार्यक्रमों (एईडीपी) के कार्यान्वयन को बढ़ावा देना है।

यह एमओयू कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी की अध्यक्षता में किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके चुने हुए क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव और प्रशिक्षण प्रदान करना, जिससे उनकी रोजगार क्षमता और नौकरी की तैयारी में सुधार हो। इस एमओयू के अनुसार एईडीपी कार्यक्रम एनएटीएस दिशानिर्देशों के अनुसार पेश किए जाएंगे एवं कौशल-आधारित और प्रशिक्षुता शिक्षा पर ध्यान केंद्रित होगा। इस एमओयू से छात्र सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे जिससे वो हुनरमंद बनेंगे। इस एमओयू के के अवसर पर कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी, डीन, मानविकी संकाय और प्रभारी, आर्यभट्ट इन्क्यूबेशन सेंटर डॉ. विपिन कुमार जैन, सहायक प्रोफेसर, इतिहास विभाग डॉ. अर्जुन सिंह बतौर विश्वविद्यालय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कुलसचिव डॉ भावना शर्मा एवं डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रोफेसर डीके मदान ने संयुक्त रूप से बताया कि कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी की अध्यक्षता में यह एमओयू उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने और छात्रों के कौशल विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर सौंपा हड़ताल का नोटिस

- 20 व 21 अगस्त को भूख हड़ताल, 10 व 11 सितंबर को मांगपत्र, 26 सितंबर को धरना : पुरूषोत्तम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विभिन्न लंबित मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों ने एक बार फिर से आंदोललन का ऐलान किया है, जिसके तहत सफाई कर्मचारी नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले 20 व 21 अगस्त को सभी पालिका, परिषद, निगमों व फायर के कर्मचारी क्रमिक भूख हड़ताल करेंगे, 10 व 11 सितंबर को प्रदेश के सभी विधायकों को मांगपत्र सौंपेंगे, 26 सितंबर को जिला उपायुक्त कार्यालय पर एक दिवसीय प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के सभी



उपायुक्तों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपंगे तथा 18 अक्तूबर को मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय कुरुक्षेत्र में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे।

इन प्रदर्शनों व हड़ताल का नोटंसि सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को नगर पालिका कर्मचारी संघ के भिवानी इकाई प्रधान जयहिंद पहलवान की अध्यक्षता में शहरी स्थानीय निकाय विभाग मंत्री विपुल गोयल, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के प्रधान सचिव, शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा के महानिदेशक के नाम डीएमसी के माध्यम से सौंपा। इससे पूर्व सफाई कर्मचारियों ने हाथों में काले झंडे लेकर शहर में प्रदर्शन किया तथा धरना देकर सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में रोष भी जताया।

संघ के प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम दानव ने बताया कि नगर पालिका, परिषद, निगमों व फायर के कर्मचारियों की न्याय उचित मांगें लंबे समय से लंबित है। उन्होंने कहा कि सरकार की वायदा खिलाफी से कर्मचारियों में रोष है तथा वे अबकी बार आर-पार की लड़ाई का मन बना चुके है। दानव ने कहा कि नगर पालिका कर्मचारी संघ 8 फरवरी 2023 को बनाई गई कमेटी में उपायुक्तों के स्थान पर पालिका, परिषद आयुक्त व नगर निगम आयुक्त के नाम शामिल करने व दरोगाओं को पैट्रोल व मोबाईल खर्च देने की मांग की गई थी।

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर रमेश कुमार, भारत, अमित बागड़ी, शेर सिंह, प्रवीण कुमार, मनीषा, ज्योति, मालती, रवि कुमार, बवानीखेड़ा इकाई प्रधान दिलबाग सिंह, सोनू कुमार, लोहारू से आशू, संजय, अशोक सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

# बिजली विभाग के कर्मचारियों ने सबडिवीजन नंबर-2 के एसडीओ के खिलाफ किया प्रदर्शन



**तोशाम।** मंगलवार को तोशाम में बिजली विभाग के कर्मचारियों ने सबडिवीजन नंबर-2 एसडीओ के तानाशाही रवैया के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट सचिव राजकुमार जटासरा ने की। तोशाम बिजली विभाग के कर्मचारी सबडिवीजन नंबर-2 के एसडीओ के तानाशाही रवैया को लेकर काफी दिन से परेशान थे। मंगलवार को यह सभी कर्मचारी एचएसईबी वर्कर यूनियन के आह्वान पर तोशाम के बिजली बोर्ड प्रांगण में एकत्रित हुए। इस दौरान उन्होंने एसडीओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। वहीं एकत्रित कर्मचारियों ने त्रिवार्षिक चुनाव बारे भी चर्चा की। इस मौके पर तोशाम-2 के प्रधान अनिल, तोशाम-1 के प्रधान उमेश बुशाण, सचिव संजय, नसीब, मनीष, वजीर, रामवीर, ओमप्रकाश, पवन, दीपक गोयल आदि सहित अनेक कर्मचारी ने अपने विचार रखें।

# ऑनलाइन ट्रांसफर को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा बिजली निगम सब-डिवीजन में हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन, एएचपीसी वर्कर यूनियन के बैनर तले कर्मचारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी 2025 के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान यूनियन सदस्यों ने नई ट्रांसफर पॉलिसी की प्रतिकात्मक रूप से प्रतिलिपि जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया। यूनियन पदाधिकारियों का कहना है कि यह नीति कर्मचारी हितों के विरुद्ध है। इससे न केवल कर्मचारियों की पारिवारिक व सामाजिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, बल्कि कार्यस्थलों पर कार्यक्षमता और सुरक्षा भी प्रभावित होगी। विशेष रूप से तकनीकी स्टाफ, जो फील्ड में कार्यरत है, उनके लिए यह नीति गंभीर खतरा बन सकती है। नई जगह पर ट्रांसफर किए गए कर्मचारियों को लाइन व फीडर की जानकारी न होने के कारण दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है, जिससे एक्सीडेंट रेश्यो में वृद्धि होगी। यूनियन ने इसे कर्मचारियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बताया है। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार व विभाग ने इस नीति को वापस नहीं लिया तो आगे और भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



बवानीखेड़ा। ट्रांसफार्मर पॉलिसी को लेकर रोष जाहिर करते हुए कर्मचारी।

## ग्रामीण बोले-पानी निकासी का समाधान नहीं हुआ तो बंद करेंगे ड्रेन

# मंढाणा की बस्ती तक पहुंचा बारिश व ड्रेन का पानी

- बाहरी कॉलोनियों में करीब एक से डेढ फुट तक पानी जमा हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बारिश के पानी की सही ढंग से निकासी न करवाने तथा गांव मंढाणा में सिंधवा मदनहेड़ी की तरफ से आने वाली ड्रेन के ओवरफलो होने से खेतों के बाद अब पानी गांव में घुसना शुरू हो गया।

पानी ज्यादा होने से बाहरी कॉलोनियों में करीब एक से डेढ फुट तक पानी जमा हो गया है। ग्रामीणों द्वारा अपने मकानों में रखे गए पशुओं के चारे व



अनाज आदि भी पानी की भेंट चढ गया। इन जगहों पर पानी की वजह से लाखों



रुपये का अनाज व चारा खराब हो गया है। इस बारे में ग्रामीणों ने कई बार जिला प्रशासन से शिकायत की,लेकिन उनकी समस्या का समाधान की बजाए अनसुना किया जा रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि ड्रेन के ओवरफलो होने व बारिश के जमा पानी की निकासी नहीं हुई तो सिंघवा मदनहेड़ी, तालू की तरफ से आने वाली ड्रेन को सीमा पर ही बंद करेंगे। ताकि वे पानी में डूबने से बच सके। ग्रामीणों ने बताया कि विगत में हुई बारिश के पानी से उनके खेत जलमग्न हो गए। खेतों में खरीफ फसल खतम हो गई। फिलहाल खेतों में दो से तीन फुट तक पानी जमा है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के बाद सिंधवा, मदन हेड़ी, तालू व कुछ क्षेत्र धनाना के खेतों का पानी ड्रेन के माध्यम से उनके गांव में पहुंच रहा है। यहां आकर ड्रेन ओवरफलो हो गई। जिससे खेतों के साथ साथ गांव की बाहरी कॉलोनियों में पानी घुस गया है। बाहरी कॉलोनी में तो मकानों के अंदर तक पानी पहुंचा है।

हवा सिंह, राजपाल व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि विगत में तत्कालीन उपायुक्त ने ओवरफलो हो रही ड्रेन का पानी की निकासी की व्यवस्था करवाने का प्रयास किया था,लेकिन अब नए उपायुक्त आने के बाद वह प्रक्रिया ठंडे बस्ते में चली गई।


# दुकानदार पर हमला करके रुपए छीनने के दो दोषियों को 10-10 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



अदालत ने दुकानदार पर चाकू से हमला करके रुपये छीनने के दो आरोपियों को दस-दस साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने आरोपियों पर 27-27 हजार रुपये का जुर्माना भी किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविंद्र निवासी सराय चोपट भिवानी ने थाना शहर पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उनकी बावड़ी गेट पर कबाड़ की दुकान है जो उनकी दुकान पर मोटरसाइकिल सवार दो लड़के आए थे, जिनमें से एक लड़के ने उन पर चाकू से हमला करके 15,000 रुपए छीन कर ले गए थे। बाद में पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया था। उनकी पहचान माइकल निवासी मोहनगढ जींद तथा सुखविंद्र निवासी कालटा जींद के रूप में हुई थी। इसी अभियोग में प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना शहर पुलिस भिवानी के द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के सम्मुख पेश किया गया था। न्यायालय के द्वारा अभियोग के ट्रायल के दौरान आरोपियों को दोषी पाते हुए प्रत्येक आरोपी को 10-10 वर्ष की कैद व 27,000 का जुर्माना लगाया है। न्यायालय के द्वारा आरोपी माइकल व सुखविंदर दंड संहिता के तहत दस दस साल के कारावास की सजा सुनाई गई। अदालत ने दोनों दोषियों पर जुर्माना भी लगाया है।



# फराह को मिला अमिताभ के हाथों से लिखा लेटर

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्माता-निर्देशक और प्रसिद्ध कोरियोग्राफर फराह खान ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में फराह ने अमिताभ बच्चन के हाथों से लिखा एक लेटर दिखाया, जो उन्हीं के लिए आया है। यह सब तब शुरू हुआ जब फराह, अभिनेत्री राधिका मदान के घर एक व्लॉग की शूटिंग के लिए गईं। वहां उन्होंने राधिका के पास अमिताभ बच्चन का एक फ्रेम किया हुआ हाथों से लिखा पत्र देखा, जिसे देखने के बाद उन्होंने बिग बी से ऐसे ही लेटर की ख्वाहिश जताई थी। फराह को लेटर भेजकर बिग बी ने उनकी यह अधूरी ख्वाहिश पूरी भी कर दी है।



लाइफ Style

# भूमि

## हर किसी की होती है अपनी पसंद

इंडस्ट्री में फिलर्स, बोटोक्स और सर्जरी को लेकर अक्सर बहस होती है। सितारों को इसे लेकर आलोचनाएं भी झेलनी पड़ी हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर पर भी सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स ने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाने का आरोप लगाए हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में सीरीज द रॉयल्स में उनकी उपस्थिति ने आग में घी डालने का काम किया और इंटरनेट यूजर्स ने कथित बोटोक्स और फिलर्स के लिए भूमि को ट्रोल किया। हाल ही में अभिनेत्री ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। भूमि पेडनेकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि हर किसी की अपनी पसंद होती है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां लोगों को अपनी पसंद खुद चुननी चाहिए। मैं कोई नहीं होती, जो लोगों की पसंद पर अपनी कोई राय बना सकूं'।

उन्होंने आगे अपनी डाइट पर चर्चा की। देसी घी उनके नियमित खाने में शामिल होता है। लोग इससे बहुत डरते हैं, लेकिन मेरे खाने में एक चीज जरूर शामिल है और वह है वसा। मैं अपने खाने में घी बहुत ज्यादा लेती हूं। बस फर्क इतना है कि मैं घी में खाना नहीं बनाती। मैं इसे खाने के ऊपर डालकर खाती हूं। इसे अपनी रोटी पर या इडली में डालकर खाएं, यह आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे पहले भूमि अपनी स्किनकेयर से जुड़े टिप्स भी शेयर कर चुकी हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि वे क्लींजिंग, टोनिंग और मॉइस्चराइजिंग (सीटीएम फॉर्मूला) पर भरोसा करती हैं। भले ही उनका शेड्यूल बहुत बिजी हो, वे इसे कभी नहीं छोड़तीं।

## हॉलीवुड मसाला




# अवतार-3 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे मशहूर फिल्मों में से एक अवतार के तीसरे पार्ट अवतार 3 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म अवतार का पहला हिस्सा अवतार के नाम से, दूसरा हिस्सा अवतारः द वे ऑफ वाटर के नाम से रिलीज किया गया था। अवतार के तीसरे हिस्से का नाम 'अवतारः फायर एंड ऐश' है। अवतार 3 का बजट तकरीबन 2100 करोड़ रुपए है। फिल्म को 19 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। अवतार 3 के ट्रेलर में पेंडोरा की खूबसूरत दुनिया दिखाई गई है। यहां अलग तरह के जीव उड़ते हुए दिखाई देते हैं।




# द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप की धीमी हुई रफ्तार

**मुंबई।** मार्वल स्टूडियोज की हॉलीवुड फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप'ने 5.1 करोड़ रुपए के शानदार कलेक्शन से अपना खाता खोला था। वहीं, चौथे दिन सोमवार को 2 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। वीकएंड पर यह फिल्म अच्छा-खासा कलेक्शन करने में कामयाब रही। वहीं, सोमवार को इसकी कमाई की रफ्तार धीमी हो गई। अमूमन ऐसा होता है कि वीकएंड के बाद फिल्मों की कमाई कम होती है। इस फिल्म ने शनिवार को 7.35 करोड़ रुपए और रविवार को भी 7.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक 22.10 करोड़ रुपए हो चुका है। द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप में चार एस्ट्रोनॉट्स की कहानी है, जो एक स्पेस मिशन में हादसे का शिकार होते हैं और फिर सुपरहीरो बन जाते हैं। वह अपनी सुपरपावर से लोगों की जान बचाते हैं।



# आर माधवन के साथ शेयर की तस्वीरें

**मुंबई।** अभिनेत्री फातिमा सना शेख अपनी फिल्म 'आप जैसा कोई' को लेकर सुर्खियों में हैं। फातिमा सना शेख लगातार इसका प्रचार कर रही हैं। ऐसे में अब अभिनेत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं हैं और एक नोट लिखा है। उन्होंने अपने सह-कलाकार की तारीफ की है। आर माधवन के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए फातिमा सना शेख ने पोस्ट में लिखा है 'मेरे सबसे पसंदीदा सह-कलाकार। इस पूरे शूट को बहुत आसान बनाने के लिए शुक्रिया। उसके लिए भी शुक्रिया कि आपने हमें हर रोज अम्मा का सांभर मसाला खिलाया और फिलटर कॉफी पिलाई। गुलाब जामुन खिलाने के लिए भी शुक्रिया। आर माधवन आप बहुत अच्छे इंसान हैं।' फातिमा सना शेख की फिल्म 'आप जैसा कोई' 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।



# भक्तों को फ्री में दिखाई महावतार नरसिम्हा

**मुंबई।** एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने हाल ही में सिनेमाघरों में दस्तक दी है। 25 जुलाई को रिलीज हुई माइथोलॉजिकल एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रदर्शन किया है। ये फिल्म दर्शकों को भगवान विष्णु के अवतार की कथा दर्शाती है। बस इसी के चलते अब इस्कॉन की तरफ से फिल्म को ज्यादा से ज्यादा भक्तों तक पहुंचाने के लिए बड़ी पहल की गई है। इस्कॉन सिलीगुड़ी ने फिल्म को ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिखाने के लिए खास इंतजाम किया है। संस्था ने पूरे सिनेमा हॉल को बुक कर अपने भक्तों के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया। इस्कॉन के प्रवक्ता नाम कृष्ण दास ने बताया कि ये फिल्म केवल एक मनोरंजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का एक जीवंत संदेश है।

## टीवी मसाला



# अनुपमा ने तुलसी के साथ मिलाया हाथ, ट्रोल्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलिविजन इतिहास की सबसे चहेती बहू तुलसी वीरानी की जब से वापसी का ऐलान हुआ है, तभी से ही 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के पुराने दर्शक बेसब्री से शो का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, शो के दूसरे सीजन के पहले प्रोमो के बाद से ही लोग अनुपमा को भी लगातार निशाना बना रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से ऐसा कहा जा रहा है कि रुपाली गांगुली के शो के मेकर्स को अपनी कुर्सी को लेकर खतरा महसूस होने लगा है। हालांकि चैनल के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो ने सभी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। वीडियो में रुपाली गांगुली, जो अनुपमा की भूमिका में हैं, स्मृति ईरानी उर्फ तुलसी से वीडियो कॉल के जरिए जुड़ती हैं और उन्हें स्टार परिवार में दोबारा स्वागत करती हैं। दोनों अभिनेत्रियां एक-दूसरे से बेहद प्यार भरे ढंग से बात करती नजर आती हैं। अनुपमा रात 10 बजे और क्योंकि 2 रात 10:30 बजे प्रसारित होगा। इस वीडियो को देखने के बाद से ही अब ऐसा लग रहा है कि टीवी की ये दोनों बहुएं एक दूसरे के साथ मिलकर काफी खुश हुई हैं। शो की निर्माता एकता कपूर ने भी इस मामले पर अपनी राय रखते हुए कहा कि ऐसी अफवाहें अनुपमा की लोकप्रियता को कम करने की कोशिश महज हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि रुपाली गांगुली एक बेहतरीन कलाकार हैं और अनुपमा ने पिछले सात वर्षों में जो मुकाम हासिल किया है, वो बेमिसाल है।

## बिग बॉस 19 का हिस्सा नहीं होंगी मल्लिका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस भारत के सबसे पसंदीदा रियलिटी शो में से एक है। यह शो अपने 19वें सीजन के साथ वापस आ गया है और इसमें भाग लेने के लिए किन हस्तियों से संपर्क किया गया है, इस बारे में पहले से ही अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच ये भी खबरें आईं कि बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत भी बिग बॉस 19 में नजर आएंगी। अब शो में हिस्सा लेने पर एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ी है और सारी सच्चाई बताई है। एक्ट्रेस ने बिग बॉस से जुड़ी चर्चाओं को खारिज करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए मैं बिग बॉस नहीं कर रही हूं और कभी नहीं करूंगी। धन्यवाद। मल्लिका इससे पहले बिग बॉस 18 के दौरान अपनी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के प्रमोशन के लिए एक गेस्ट के तौर पर शो में आई थीं। हाल ही में बिग बॉस के निर्माताओं ने एक प्रोमो वीडियो के साथ शो के 19वें सीजन की घोषणा की।



# हॉलीवुड के इन अभिनेताओं ने बॉलीवुड में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड के कई कलाकार ऐसे हैं जो बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय कर चुके हैं। ऐसे ही कई हॉलीवुड कलाकार हैं जिन्होंने बॉलीवुड की फिल्मों में काम किया। इन कलाकारों ने अपनी अदाकारी से बॉलीवुड में पहचान बना ली है।

**रे स्टीवेंसन - आरआरआर :** साल 2022 में रिलीज हुई एसएस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' काफी मशहूर रही। इसमें भारत के लोगों का ब्रिटिश अधिकारियों के साथ संघर्ष दिखाया गया है। रे स्टीवेंसन ने फिल्म में गर्वनर स्कॉट का दमदार रोल निभाया था। रे स्टीवेंसन ने हॉलीवुड की फिल्मों 'कोल्ड स्किन', 'बिग गेम' और 'थोर' में काम किया है।

**बेन किंग्सले - तीन पत्ती :** फिल्म तीन पत्ती साल 2010 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, आर माधवन और कई अभिनेताओं समेत हॉलीवुड के अभिनेता बेन किंग्सले ने भी अदाकारी की थी। उन्होंने हॉलीवुड की फिल्म गांधी, आयरन मैन 3 और ऑपरेशन फिनाले में काम किया है।



**सिल्वेस्टर स्टेलोन - कंबख्त इश्क :** अक्षय कुमार और करीना कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'कंबख्त इश्क' साल 2009 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में हॉलीवुड के अभिनेता सिल्वेस्टर स्टेलोन ने अभिनय किया है। 1946 को जन्मे अभिनेता ने हॉलीवुड की फिल्म क्रीड, रॉकी और फर्स्ट ब्लड में काम किया है।

**क्लाइव स्टेंडेन - नमस्ते लंदन :** अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ की फिल्म नमस्ते लंदन साल 2007 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार देसी व्यक्ति बने हैं तो कैटरीना कैफ भारतीय मूल की विदेशी लड़की बनी हैं। इस फिल्म में क्लाइव स्टेंडेन ने अहम किरदार निभाया है। वह फिल्म में कैटरीना कैफ के बॉयफ्रेंड बनें हैं। उन्होंने हॉलीवुड फिल्मों क्लियर कट, ऐवरेस्ट और पजेशन में काम किया है।

# वो मल्टी-स्टार ब्लॉकबस्टर फिल्म जो छह अवॉर्ड्स जीतकर बनी कल्ट

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में अब भले ही दमदार कहानी वाली फिल्में कम ही देखने को मिलती हों, लेकिन एक वक्त था, जब हिंदी सिनेमा ने एक से बढ़कर हिट और कल्ट फिल्में रिलीज हुआ करती थीं। साल 1965 में तो एक ऐसी फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी, जिसने हिंदी सिनेमा में मल्टी-स्टारर फिल्मों का चलन शुरू किया। इस फिल्म ने रिलीज होते ही मेकर्स को मालामाल कर दिया था। साल 1965 में आई इस फिल्म में बलराज साहनी ने लीड रोल निभाया था। फिल्म में दिखाई गई अमीर से गरीब बनने की कहानी को लोगों ने काफी पसंद किया था।इतना ही नहीं, फिल्म की सफलता का कारण इसकी मजबूत कहानी, बेहतरीन एक्टिंग और फिल्म की जान उसका संगीत था। समीक्षकों ने भी इस फिल्म की जमकर सराहना की थी। फिल्म की कहानी और गानों की तो लोग आज भी मिसाल देते हैं।*

### 70 लाख बजट, 6 करोड़ कमाई

साल 1965 में रिलीज हुई इस फिल्म का नाम है 'वक्त'। फिल्म ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। फिल्म को लोगों ने इतना पसंद किया था कि फिल्म ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को 70 लाख के बजट में तैयार किया गया था। फिल्म ने उस दौर में बॉक्स ऑफिस पर 6 करोड़ रुपए की धमाकेदार कमाई की थी। फिल्म की इतनी शानदार कमाई उस दौर के हिसाब से एक बड़ा रिकॉर्ड था। यह फिल्म अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।



### फिल्म ने रच दिया था इतिहास

साल 1965 में आई वक्त में राजकुमार भी नजर आए थे। फिल्म में पहले ये किरदार धर्मेंद्र को ऑफर हुआ था। वहीं, इस रोल के लिए मेकर्स की पहली पसंद थे, लेकिन धर्मेंद्र ने फिल्म में बड़े भाई की भूमिका अदा करने से इनकार कर दिया था। उनकी इस नादानी की वजह से उनके हाथ से एक वक्त जैसी ऐसी फिल्म निकल गई थी, जिसने कई अवॉर्ड जीते। फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में बेस्ट को-स्टार बेस्ट कहानी और बेस्ट गाने जैसे इस फिल्म को कई अवॉर्ड मिले थे। इस फिल्म ने फिल्मफेयर में 6 अवॉर्ड्स हासिल किए थे। आज भी लोग इस फिल्म को देखना पसंद करते हैं।

***रईस आदमी झेलता है गरीबी :*** बता दें कि साल 1965 में रिलीज हुई बलराना साहनी की इस फिल्म में जिस तरह रईस आदमी गरीबी झेलता है, ये देख लोग थिएटर में फूट फूटकर रोए थे कि वक्त को कुछ पता नहीं, कब किसकी जिंदगी कैसे बदल जाए।यह फिल्म आज भी क्लासिक सिनेमा के लिए शानदार उदाहरण है और हर पीढ़ी के लोग इसे देखना पसंद करते हैं।

## कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई, तो कुछ का है सिर्फ नाम का लेना-देना

# अगस्त में आएगी सीक्वल्स की बहार, दर्शकों पर चलेगा इनका जादू!

*नई दिल्ली। अगले महीने हिंदी सिनेमा की चार बड़ी फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। ये फिल्में हैं वॉर 2, सन ऑफ सरदार 2, धड़क 2 और अंदाज 2। ये सभी सीक्वल हैं। कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई है तो कुछ का सिर्फ नाम का लेना-देना है। अगस्त महीने में एक के बाद एक रिलीज होने जा रहीं चार सीक्वल फिल्मों को देखते हुए हर किसी के मन में एक सवाल तो बनता है। क्या ऐसे सीक्वल्स दर्शकों के दिल में उतरते हैं या यह सिर्फ एक सुरक्षित ट्रेड फॉर्मूला बन चुका है?*


### फिल्म का नाम देखकर टिकट नहीं बिकती: सुमित काडेल

इस बारे में सुमित काडेल ने अपनी राय देते हुए कहा, 'सीक्वल का ट्रेंड नया नहीं है। मुन्ना भाई, धूम, हेरा फेरी, कृष और वेलकम जैसी फिल्मों की अगली कड़ियां पहले भी दर्शकों को पसंद आई हैं, लेकिन हर फिल्म को यह सौभाग्य नहीं मिलता। एक सीक्वल तभी काम करता है, जब उसकी पहली किस्त दर्शकों की यादों में गहराई से बसी हो। अगर ऐसा जुड़ाव नहीं है, तो केवल नाम या ब्रांड से कोई फिल्म नहीं चलती। आज का ऑडियंस समझदार है; वो सिर्फ टाइटल देखकर टिकट नहीं खरीदते।

### धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 में से सफल कौन?

सुमित का मानना है कि धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 की सफलता को लेकर संशय है। उनका कहना है, धड़क को थिएटर में सीमित प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्म ने असली लोकप्रियता टीवी और ओटीटी पर पाई थी। अब इसका सीक्वल नए डायरेक्टर और नई कास्ट के साथ आ रहा है, जिससे इसकी स्टार वैल्यू कमजोर है वहीं, सन ऑफ सरदार का पहला भाग ही औसत था, जिसे ऑडियंस ने खास पसंद नहीं किया। ऐसे में इसका सीक्वल बनाना एक जबरदस्ती का फैसला लगता है, न कि ऑडियंस के लिए का।



**नई फिल्म यानी नया जोखिम :** अतुल आगे कहते हैं, 'नई फिल्म बनाना ऐसा होता है जैसे कोई नई दुनिया तैयार करना, जिसमें काफी जोखिम होता है। वहीं, फ्रेंचाइजी फिल्में पहले से आजमाई हुई होती हैं, जिस पर निवेशक और अभिनेता दोनों को भरोसा होता है। यही वजह है कि ज्यादातर मेकर्स इस फॉर्मूले को सुरक्षित मानते हैं। हालांकि, जो क्रिएटिव है वो रिस्क लेने से नहीं डरते।'

### सीक्वल से बना भरोसा, मगर सबके लिए नहीं: अतुल मोहन

सीक्वल्स की सफलता और उस पर बढ़ती निर्भरता पर बात करते हुए ट्रेड एक्सपर्ट अतुल मोहन कहते हैं, 'इस बात में कोई दो राय नहीं कि कई फिल्मों के सीक्वल्स ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है। जब कोई फिल्म हिट होती है, तो उसके साथ एक ब्रांड बन जाता है और ऑडियंस को यह अंदाजा होता है कि उन्हें क्या देखने को मिलेगा। हालांकि, अब माहौल बदल गया है। आजकल अभिनेता उन्हीं चीजों से जुड़े रहना चाहते हैं जो पहले काम कर चुकी हैं, ताकि उनके करियर पर बुरा असर न पड़े।'

### *अंदाज 2 नाम वही कहानी बिल्कुल नई- सुनील दर्शन*

*सुनील मानते हैं कि अंदाज 2 एक नई कहानी है, जो पहली फिल्म के इमोशंस को नए ढंग से दिखाती है। उन्होंने कहा, मेरी फिल्म एक फ्रेश और ओरिजिनल स्क्रिप्ट पर आधारित है। इसे अंदाज का सीधा सीक्वल नहीं, बल्कि उसी एहसास को नए तरीके से पेश करने वाली एक ताजा कहानी कहा जा सकता है। मैंने उस फिल्म की स्पिरिट को कैरी किया है, जैसे ट्रायंगल लव स्टोरी, कुछ पुराने जज्बात। यह फिल्म पूरी तरह से नई है और सिर्फ फिल्म के पुराने नाम से इसे जोड़ना मेरा उद्देश्य नहीं था। मैं नाम के सहारे फिल्म नहीं बनाता। जरूरी है कि फिल्म का नाम और कहानी एक-दूसरे से मेल खाते हों।*

## खबर संक्षेप



सिलाई प्रशिक्षण के सफल समापन के उपरांत प्रमाण पत्र वितरण करते हुए।

### एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन ने प्रमाण पत्र वितरित किए

**बवानीखेड़ा।** एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के ग्रामोत्थान संसाधन केंद्र, सुई द्वारा संचालित जमालपुर सब-सेंटर में कंप्यूटर एवं सिलाई प्रशिक्षण के सफल समापन के उपरांत प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि बवानीखेड़ा नगरपालिका के चेयरमेन सुंदर अत्री एवं विशिष्ट अतिथि प्रधानाध्यापक राजेश कुमार द्वारा माँ सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर की गई।

### शिविर में 82 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की

**चरखी दादरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जन सेवा संस्थान द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं निःशुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला न्यायाधीश नरेश कुमार तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सीजेएम संजीव काजला के निर्देशन में आयोजित किया गया। जिसमें 82 दिव्यांगजन एवं आम नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में नागरिक अस्पताल के मनोरोग विशेषज्ञ वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रामहेर सिंह श्योराण ने लाभार्थियों की जांच की गई और उन्हें आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई।

### बिजली पेंशनर्ज वेलफेयर एसो. की बैठक एक को

**भिवानी।** हरियाणा बिजली पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन युनिट भिवानी की मासिक बैठक नेहरू पार्क में शुक्रवार एक अगस्त को प्रातः10 बजे एसोसिएशन के प्रधान बालमुकन्द बापोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी एसोसिएशन के जिला महासचिव आरके चावला ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में 26 अक्तूबर को आयोजित होने वाले वरिष्ठ पैंशनर्ज सम्मान समारोह में वर्ष 1958-59 में जन्में साथियों को सम्मानित किया जाएगा और कार्यकत्राओं की ड्यूटियां लगाई जाएंगी।

### सीईटी परीक्षा के सफल आयोजन पर दी बधाई

**भिवानी।** राष्ट्रवादी परिवर्तन पार्टी की राष्ट्रीय मुख्य महासचिव संतोष देवी ने 26 एवं 27 जुलाई को आयोजित सीईटी परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग एवं राज्य सरकार को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि लाखों युवाओं की भागीदारी के साथ यह परीक्षा प्रशासनिक स्तर पर सुचारु रूप से संपन्न करवाई, जो प्रशंसनीय है, लेकिन 26 जुलाई की सुबह व 27 जुलाई की शाम को हुई सीईटी परीक्षा में बहुत ही मुश्किल प्रश्न पूछे गए हैं जो उनके साथ भेदभाव हैं।



### नशा रोकथाम के लिए कार्यक्रम का आयोजन

**बवानीखेड़ा।** नार्को टीम भिवानी के सौजन्य से नशा मुक्त भिवानी बनाने के लिए चलाए गए अभियान के अंतर्गत आज बवानी खेड़ा के रा०मॉ० सं० व० मा० विद्यालय बवानी खेड़ा के धाकड़ क्लब द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एस पी भिवानी के द्वारा 26 पुलिस अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है। जो भिवानी के विभिन्न स्कूलों में जाकर छात्रों को नशा न करने के लिए प्रेरित कर रहे है। मंगलवार को नार्को टीम भिवानी की तरफ से जयनारायण ने छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या संतोष भाकर ने की।

## कर्मचारी बोले- सरकार की नीति कर्मचारियों के हितों के खिलाफ

# ऑन लाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में गरजे कर्मचारी

- कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल



बहल। तबादला नीति का विरोध करते हुए बहल बिजली निगम कर्मचारी।

आदर्श ऑनलाइन ट्रांसपर पॉलिसी लागू किए जाने पर ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन सब यूनिट बहल ने विरोध जताया। कर्मचारियों ने कहा कि यह पॉलिसी कर्मचारियों के विरोध में है और इसे लागू होने से कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

मंगलवार को पावर कॉरपोरेशन कर्मचारी विद्युत सब स्टेशन के प्रांगण में एकत्रित हुए और ट्रांसफर नीति के विरोध में रोष जताया। कर्मचारियों ने कहा कि सरकार की यह नीति कर्मचारियों के हितों के खिलाफ है। इसे अगर लागू किया गया तो कर्मचारी एकजुट होकर इसका विरोध करेंगे और सरकार को इसे वापस लेने के लिए मजबूर कर देंगे। कर्मचारियों ने नीति के विरोध में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तबादला नीति की निंदा की। इस अवसर पर यूनिट प्रधान सुरेश कुमार, जेई सब यूनिट प्रधान पंकज बैद, यूनिट कैशियर सोमवीर, लाइनमैन पूजा, संदीप फोरमैन, राजेश फोरमैन संदीप, सुनील, सचिन, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

## कलेक्टरी रेटों के विरोध में किया प्रदर्शन

- बहल उपतहसील के रेटों में वृद्धि न्यायोचित नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल



बहल। रेटों में बढोतरी को लेकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते हुए नागरिक।

बहल उपतहसील के लिए जारी किए गए नए कलेक्टरी रेटों को लेकर लोगों में रोष बनता जा रहा है। लोगों ने कहा कि बहल उपतहसील के रेट तो पहले से ही सबसे ज्यादा है। ऐसे में रेटों में वृद्धि किया जाना न्यायोचित नहीं है। लोगों ने प्रशासन से बढे रेटों को तत्काल प्रभाव से वापस लेकर इनको कम करने की मांग की है।

मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कुमार, सतपाल नंबरदार, ईश्वर सिंह नंबरदार, राजपाल गाढा एडवोकेट, वेदपाल बूरा एडवोकेट, रामफल एडवोकेट, राजेश चांदला, नवीन बागान बिधनोई, रविन्द्र बिधनोई सहित अन्य लोगों ने रेटों में वृद्धि पर कड़ा एतराज किया। लोगों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन देकर वर्ष 2025.26 के लिए जारी किए गए नए कलेक्टर रेट को अत्यधिक और अनुचित बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की गई है। राजेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि पहले से ही गांव बहल और आसपास के क्षेत्रों में कलेक्टर रेट बाजार मूल्य से कहीं अधिक है। अब 2025-26 में जारी किए गए नए रेट और भी ज्यादा बढ़ा दिए गए हैं जिससे आमजन विशेषकर मध्यमवर्गीय और किसान वर्ग पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान बाजार दरें कलेक्टर रेट से काफी कम हैं और इतनी अधिक दरों पर सरकारी शुल्क देना आम लोगों के लिए असंभव हो गया है। इस वजह से रजिस्ट्री और अन्य भूमि संबंधित कार्यों में आमजन को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया कि बढ़े हुए कलेक्टर रेट को वापिस लिया जाए और रेट निर्धारण में वास्तविक बाजार मूल्य को आधार बनाया जाए ताकि आम जनता को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि यह प्रशासन द्वारा नाजायज भार लोगों पर थोंपा गया है अगर प्रशासन ने इसे वापस नहीं लिया तो आंदोलन किया जाएगा।

## भवन निर्माण को लेकर प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल



बहल। बिधनोई गांव में विद्यालय को मौजूदा जगह पर निर्माण को लेकर प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

बिधनोई गांव में वीर शहीद ईश्वर सिंह विद्यालय के नए भवन के निर्माण को लेकर ग्रामीणों में विवाद की स्थिति बन गई है। कुछ ग्रामीण गांव के खेल स्टेडियम के पास की जमीन में नए भवन के निर्माण के पक्ष में है वहीं दूसरे पक्ष के लोग भवन को मौजूदा जगह में बनाने पर अड़े हैं। दोनों पक्षों में कोई भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। ऐसे में करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले भवन निर्माण का मामला खटाई में पड़ने के आसार बन गए है।

गौरतलब है कि भिवानी में सीएम नायब सिंह सैनी ने दक्ष प्रजापति समारोह में इस भवन की आधारशिला रखी थी। लेकिन, जैसे ही इस विद्यालय का काम शुरू हुआ तो लोगों के विरोध के स्वर मुखर होने लगे। गांव के कुछ लोग इसे मौजूदा जगह पर ही बनाने के पक्ष में रहे हैं। उनका मानना है कि खेल स्टेडियम में भवन गांव से दूर है। ऐसे में गांव की छात्राओं को वहां आने जाने में भारी परेशानी होगी। लेकिन, दूसरा पक्ष भवन को मौजूदा जगह पर बनने को अनुचित मान रहा है। इन लोगों को कहना है कि गांव में जिस जगह पर भवन बनाया जा रहा है वो जमीन से काफी नीचा है। ऐसे में इस जगह पर बारिश के समय जलभराव होना निश्चित है। ऐसे में यहां भवन बनाया गया तो सरकारी पैसे का दुरूपयोग ही होगा। सरपंच बाला देवी, सोमबीर श्योराण, रामेश्वर फौजी, रोहतास पूर्व बीडीसी, कीर्तांकिशन शर्मा, पंकज श्योराण, सचिन, रोशन लाल सहित अन्य लोगों ने मौजूदा जगह में बनने वाले भवन निर्माण को लेकर कड़ा रोष जताया है। इन लोगों का कहना है कि यहां भवन बनाया जाना उचित नहीं है। इन लोगों ने स्कूल निर्माण को लेकर प्रदर्शन किया।

## ऑनलाइन तबादला नीति के खिलाफ ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन ने जताया विरोध

- ऑनलाइन तबादला नीति से कर्मचारियों को उठाना पड़ता जान-माल का नुकसान: अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। ऑनलाइन तबादला नीति के खिलाफ विरोध जताते कर्मचारी।

रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित बिजली निगम प्रांगण में मंगलवार को ऑल हरियाणा पॉवर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। गेट मीटिंग में मुख्य वक्ता के तौर पर ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन के राज्य सचिव लोकेश, सर्कल सचिव अशोक गोयत, राज्य ऑडिटर धर्मबीर भाटी, जिला प्रधान रविंद्र दिनोद पहुंचे तथा इस दौरान यूनियन कर्मचारियों ने ऑनलाइन तबादला नीति का विरोध करवाते हुए जमकर रोष तथा ऑनलाइन तबादला नीति को कर्मचारी के अहित में बताते हुए इसे वापस लेने की मांग को लेकर नारेबाजी की। ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन के राज्य सचिव लोकेश, सर्कल सचिव अशोक गोयत, राज्य ऑडिटर धर्मबीर भाटी व जिला प्रधान रविंद्र दिनोद ने कहा कि ऑनलाइन तबादला नीति के तहत हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) और तकनीकी कर्मचारियों का भी तबादला किया जाएगा, जिसका एएचपीसी वर्कर यूनियन कड़ा विरोध कर रही है। इस नीति से कर्मचारियों को जान-माल का नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जब किसी कर्मचारी का तबादला होता है और वह नए स्थान पर जाता है, तो उसे वहां की बिजली लाइनों और नेटवर्क को समझने में काफी समय लगता है। इस दौरान उन्हें काम करने में काफी कठिनाई होती है, जिससे हादसा होने का खतरा काफी बढ़ जाता है। कर्मचारियों का कहना है कि यह नीति उनकी सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार कर्मचारियों को प्रताड़ित करने के फैसले ले रही है, जिसके चलते अब कर्मचारियों में रोष बढ़ता जा रहा है तथा अब जल्द ही सरकार कर्मचारियों की हितों की तरफ ध्यान देते हुए उनकी मांगें नहीं मानती तो वे बड़ा प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।



भिवानी। शिक्षिकाओं के साथ कविता पाठ प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी।

### लिटिल हार्टस में नन्हे-मुन्हों ने सुनाई कविताएं

**भिवानी।** लिटल हार्टस कॉनवेन्ट स्कूल में यूकेजी कक्षा के बच्चों की कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिनमें हमारे देश की संस्कृति व विशेषताओं को प्रकाशित करने वाले विषय प्रमुख थे। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि विद्यालय द्वारा आयोजित गतिविधियों की श्रृंखला में युकेजी कक्षा के विद्यार्थियों की कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने हमारे देश की संस्कृति, देशभक्ति व विशेषताओं को प्रकाशित करते हुए दूनिया की सैर, तितली, पहलगाव हादसा, तीज, सावन, पुस्तक, मेरा स्कूल, पेड़, बारिश आदि विषयों पर अत्यंत मनमोहक कविताएँ सुना कर सबका मन मोह लिया। पारूषी, परी, मुस्कान, तनवी, दिव्यांश सोनी, हर्षित व आहना ने अपनी उत्कृष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किए। अर्नव, दित्या, याशिका, ध्रुव, युविका, आरवी, ज्योत्सना, जियांश गुप्ता ने द्वितीय व विवेक, तक्ष्वी, गर्वित ने तृतीय स्थान प्राप्त किए। विद्यालय की निदेशिका ऐश्वर्या सिंघल, निदेशक राहुल गोयल, निश्चल गोयल व साक्षी गोयल ने बच्चों के अनूठे उत्साह की प्रसंशा की।

## रंगोत्सव प्रतियोगिता में अध्यापकों ने विभिन्न प्रतियोगिता में दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा




बवानीखेड़ा। जिला स्तरीय रंगोत्सव प्रतियोगिता में सम्मानित करते हुए अधिकारी।

सर्वपल्ली राधाकृष्णन लैब स्कूल भिवानी में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तहत डीपीसी विनय कुमार जिंदल के मार्गदर्शन एवं सहायक परियोजना संयोजक विवेक अदलखा के नेतृत्व में जिला स्तरीय रंगोत्सव प्रतियोगिता हुई।

नोडल अधिकारी एपीसी विवेक अदलखा ने बतलाया कि इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भिवानी जिले के सात खंड के राजकीय विद्यालयों के अध्यापकों ने खंड स्तर पर महिला तथा पुरुष वर्ग में क्लासिकल तथा लोक नृत्य, दृश्य कला 2डी तथा 3डी, संगीत, क्लासिकल तथा लोक वादन, एकल क्लासिकल तथा लोक गायन, थिएटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है उन्हीं द्वारा आज जिला स्तरीय रंगोत्सव में भाग लिया गया। जिला स्तर पर आने वाले प्रथम प्रतिभागी को अगले माह होने वाली राज्य स्तर की रंगोत्सव प्रतियोगिता में अपने हुनर का प्रदर्शन करना होगा। डीपीसी विनय कुमार जिंदल ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से अध्यापकों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा उभरकर सामने आई है। मंच संचालन की भूमिका प्रवक्ता दीपमाला शर्मा तथा तरुण कुमार ने निभाई। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर आनंदवर्धन शर्मा, नीता चावला, रविन्द्र कुमार, लियाकत अली, कुलभूषण, साहिल वधवा, सतविंदर, सीमा की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल प्राचार्य मीनाक्षी तथा उप प्राचार्य रचना, नृत्य अध्यापक मनोज, एबीआरसी पूजा, पूनम आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



बवानीखेड़ा। शहीद राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सीपीआईयू बैठक के आयोजन में उपस्थितजन।

### सीपीआईयू की बैठक में मुखियाओं को किया मोटिवेट

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा कलस्टर के वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सीपीआईयू बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सीआरसी-कम-प्राचार्या संतोष भाकर द्वारा की गई। बैठक में एबीआरसी राज कुमारी के आह्वान पर मुख्यतया समस्त विद्यालय मुखियाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सीआरसी-कम-प्राचार्या संतोष भाकर ने उपस्थिजनों को बताया कि कक्षा पहली से तीसरी तक के शिक्षण में टीचर हैंडआउट का प्रयोग प्रतिदिन दैनिक शिक्षण योजना में करना है, इको क्लब तथा एक पेड मां के नाम संबंधित पेड़-पौधा का रिकार्ड दुरूस्त रखना हे, उल्लास कार्यक्रम के लिए लर्नर कार्य पर विशेष ध्यान देना है, वहीं हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं को समय समय पर करवाना सुनिश्चित करना है।



### एसएमसी मीटिंग में सदस्यों को बताए उनके अधिकार

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के वीर शहीद गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एसएमसी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समिति में एससी, समाजसेवियों व छात्राओं के परिजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक विद्यालय प्राचार्य एवं कायकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा के नेतृत्व मे आयोजित हुई। बैठक में एबीआरसी राज कुमारी, पार्षद मनीषा, पार्षद प्रतिनिधि पवन कुमार ने भी अपनी अहम भूमिका अदा की। बैठक में सदस्यों को सदस्यों के चयन की प्रक्रिया, विद्यालय में हो रही गतिविधियों एवं विकास कार्य की भूमि और उनके महत्व के बारे में समझाया। बैठक में बताया कि विद्यालय प्रबंधन समिति के चयन में नगर पालिका के निर्वाचित एसएमसी सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता सहित अन्य के चयन कैसे किया जाता है। सभा गठन पश्चात सोशल कार्य पर भी चर्चा की। वहीं प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय में छात्राओं के लिए वाहन सुविधा को फिर से शुरू किया जाएगा जिसमें एसएमसी का भी विशेष सहयोग जरूरी है।

### किसानों के संघर्ष को हल्के में न लें सरकार

**लोहारू।** भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष रवि आजाद ने कहा कि फसल बीमा क्लेम राशि के नाम पर किसानों के साथ अन्याय हुआ है तथा सरकार हर हाल में बीमा क्लेम राशि का भुगतदान करना होगा। सरकार लोहारू के किसानों की मांग को हल्के में लेने की गलती ना करे अन्यथा इसके परिणाम काफी गंभीर होंगे। वे मंगलवार को स्थानीय किसान महापड़ाव के दौरान किसानों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले किसानों ने स्थानीय शहीद महावीर किसान भवन में एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और बाद में शहर में प्रदर्शन कर किसान महापड़ाव स्थल तक पहुंचे। रवि आजाद ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। बेरोजगारी बढ़ती जा रही है, आए दिन प्रदेश में अपराध हो रहे हैं तथा विकास कार्यों का झूठा ढिंढोरा पीटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने समय रहते किसानों की मांगे नही मानी तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। इस मौके पर प्रधान कर्मबीर फरटिया सहित अनेक किसान नेताओं ने धरने को संबोधित किया। उधर किसान नेत्री एडवोकेट कविता आर्य ने महिलाओं के साथ धरने में शिरकत की। धरने को जिला अध्यक्ष रामफल देशवाल, मास्टर रघुवीर भेरा, नरेश पहाड़ी, इंद्राज दमकोरा, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी धूप सिंह श्योराण, अशोक आर्य एडवोकेट आदि ने संबाधित किया।

## परीक्षा के दौरान केंद्रों पर रहेगी पैनी नजर

# एचटेट परीक्षा को जिला प्रशासन ने तैयारियां की पूरी

## दो दिनों में परीक्षा के तीन सत्र होंगे, उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

एचटेट परीक्षा के लिए जिला प्रशासन एक बार फिर से तैयार है और सभी केन्द्रों पर निर्बाध एवं निष्पक्ष परीक्षा के प्रबंध कर लिए गए है। परीक्षा के दौरान प्रशासन की सभी केंद्रों पर पैनी नजर रहेगी। जिला के आला अधिकारी पूरी प्रक्रिया पर निगरानी रखेंगे। परीक्षा की तैयारी को लेकर उपायुक्त मुनीश शर्मा ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की।

बैठक के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों को परीक्षा के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे सभी अधिकारी पूरी तरह से सचेत रहें और परीक्षा के दौरान अपने संबंधित क्षेत्र में ही मौजूद रहें, जिस प्रकार से प्रशासन के अधिकारियों ने हाल ही में जिला में आयोजित सीईटी परीक्षा को बेहतरीन तरीके से संपन्न करवाया है। उसी प्रकार एचटेट परीक्षा को लेकर भी मेहनत करें। संबंधित सभी अधिकारियों को परीक्षा करवाने का अच्छा अनुभव हो गया है। उसका लाभ उठाएं। विदित है कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 30 व 31 जुलाई को हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) परीक्षा आयोजित करवाई जाएगी। परीक्षा के लिए जिला में कुल 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर कुल 10 हजार 192 अभ्यार्थी परीक्षा देने आएंगे। उपायुक्त ने कहा कि हरियाणा सरकार के निर्देशों पर शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ही परीक्षा का आयोजन करवाया जाएगा। पहले दिन 30 जुलाई को केवल शाम के सत्र में 3 बजे से साढ़े 5 बजे तक परीक्षा होगी और दूसरे दिन सुबह 10 से साढ़े 12 बजे व शाम 3 से साढ़े 5 बजे तक दो सत्रों में परीक्षा होंगी।



भिवानी। एचटेट परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा करते उपायुक्त।

### अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

परीक्षा के लिए डीआरओ राजकुमार बोरिया, डीएफएसओ संजीव कुमार, एसडीओ आशीष देशवाल व संजय कुमार, आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर डा राहुल सांगवान, सब रजिस्ट्रार प्रवीण कुमार, एसडीओ हरवीर सिंह, एक्सईएन प्रमोद शर्मा, मनदीप गलिया व अविनाश यादव, एसडीओ नवनीत, सौरव मलिक व अनुराग, कृषि विभाग से एसएमएसटी अनिल कुमार, एसडीओ सुमेर सिंह को ड्यूटी मजिस्ट्रेट और एसडीओ अनिल, ब्लॉक एग्रीकल्चर ऑफिसर विष्णु दत्त, सहायक रोजगार अधिकारी मयनल अग्रवाल, एसडीओ राम सिंह व विजेंद्र कुमार को आरक्षित ड्यूटी पर रखा गया है। परीक्षा देने वाले किसी अभ्यार्थी को कोई गंभीर बीमारी है, जिसको लेकर उसे निर्धारित समय पर दवाई लेना जरूरी है तो उन्हें इसकी अनुमति दी जाएगी। लेकिन इसके लिए उन्हें बीमारी से संबंधित कागजात प्रस्तुत करने होंगे, जिनमें दवाई के समय के बारे में सक्षम चिकित्सा अधिकारी द्वारा लिखा हो।

### धारा 163 की निषेधाज्ञा लागू

**चरखी दादरी।** जिलाधीश मुनीश शर्मा ने जिला में होने वाली एचटेट परीक्षा केन्द्रों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू करने के आदेश जारी किए है। जिला में 30 व 31 जुलाई को जिला में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा एचटेट की परीक्षा आयोजित करवाई जाएगी। यह आदेश 30 से लेकर 31 जुलाई को परीक्षा पूर्ण होने तक प्रभावी रहेंगे।

### दिव्यांगों को मिलेगा 50 मिनट का अतिरिक्त समय

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के नियमों के अनुसार एचटेट परीक्षा देने वाले दिव्यागों को 50 मिनट का अतिरिक्त समय मिलेगा। इसके लिए उन्हें 40 प्रतिशत का दिव्यांग प्रमाण पत्र साथ रखना होगा और मांगने पर दिखाना होगा। उपायुक्त ने कहा कि नियम की पालना हर केन्द्र पर सुनिश्चित की जाए और अगर कहीं पात्र दिव्यांग को समय नहीं दिया जाता है तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### पर्यावरण संरक्षण व नैतिक मूल्यों का पाठ

**भिवानी।** दिव्या ज्योति जागृति संस्थान द्वारा पर्यावरण संरक्षण प्रकल्प के अंतर्गत मंगलवार को गांव गोकलपुरा स्थित वीर शहीद सूबेदार अमर सिंह राजकीय उच्च विद्यालय में पौधरोपण कर विद्यार्थियों को पौधरोपण व पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया। इस मौके पर दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी नीतिका भारती ने स्कूल के बच्चों को पर्यावरण व नैतिक मूल्य के विषय में समझाया तथा बताया कि कैसे हम सब अपने पर्यावरण को सुरक्षित रख सकते है।

### मुआवजा व एक सरकारी नौकरी दी जाए : कामरेड

**भिवानी।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की भिवानी जिला कमेटी ने नगर परिषद अधिकारियों व उसके ठेकेदार की घोर लापरवाही से स्थानीय बावड़ी गेट में स्ट्रीट लाईट पोल से करंट लग कर एक 32 वर्षीय युवक रवि की मौत होने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है तथा पीड़ित व आश्रित परिवार को न्यायोचित मुआवजा व नगर परिषद में एक सरकारी नौकरी देने की मांग की है।

## गृहिणियों की रसोई का बजट बिगड़ा, गरीब की थाली से गायब हुई सब्जियां

# सब्जी के भावों में जबरदस्त उछाल, हरी मिर्ची हुई और तीखी व टमाटर हुआ लाल

### बरसात के कारण दामों में दो से तीन गुणा बढ़ोतरी, मंडियों में पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच रही सब्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारी बरसात एवं मानसून सीजन के चलते सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं। बरसात के कारण सब्जियां जहां खेतों में खराब हो रही हैं, वहीं मंडियों में भी पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पा रही, जिसकारण सब्जियों के भावों में जबरदस्त उछाल आ गया हैं। एक सप्ताह पहले टमाटर 40 रुपये किलोग्राम बिक रहा था, वो अब 100 रुपये किलोग्राम बिक रहा हैं। वहीं हरी मिर्ची 30 से 100 रुपये व ततिया मिर्च 60 रुपये से बढ़कर 140 रुपये किलोग्राम के भाव से बिक रही हैं, जिनके भाव सुनते ही ग्राहक को पसीना आने लगता हैं। टमाटर भावों के चलते और अधिक लाल तो हरी मिर्ची अपने तीखे अंदाज से और अधिक तीखी हो गई हैं।

बरसात के कारण खेतों में सब्जियों की छुड़ाई कम होने व मंडियों में पर्याप्त मात्रा में सब्जियों की पहुंच न होने से सब्जियों के भावों में जबरदस्त उछाल आया हैं और भाव आसमान छूने लगे हैं।उल्लेखनीय हैं कि मानसून सीजन आने से सब्जी के भावों में दो से तीन गुणा तक बढ़ोतरी हो गई हैं और गरीब की रसोई की दहलीज से सब्जियां गायब हो गई हैं। गृहिणियों के रसोई का बजट भी पूरी तरह से बिगड़ गया हैं। एक सप्ताह पहले टमाटर 40 रुपये बिक रहा था, जो अब 100 रुपये किलोग्राम बिक रहा हैं। वहीं हरी मिर्च 30 से बढ़कर 100 रुपये और ततिया मिर्च 60 रुपये से बढ़कर 140 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही हैं, जिनके भाव सुनकर ग्राहकों को पसीना छूट रहा हैं। फूल गोभी 50 से 100 रुपये, धनिया 80 से 200 रुपये, नींबू 50 से 100 रुपये, पोदीना 60 से 100 रुपये बिक रहा हैं। टमाटर व हरी मिर्ची के भावों में तीन गुणा उछाल आने से टमाटर और अधिक लाल तो मिर्ची अपने स्वभाव के अनुरूप और अधिक तीखी लगने लगी हैं और भाव सुनते ही ग्राहक को पसीने छूट रहे हैं। भावों में इतना ज्यादा उछाल आने से सब्जियां गरीब की रसोई की तहलीज से गायब हो गई हैं और जनता का हाल बेहाल हैं। सब्जियों के भावों में इतनी ज्यादा बढ़ोतरी एक तरह से गरीब की कमर तोड़ने जैसा हैं।



भिवानी। मंडी में सब्जी बेचता दुकानदार जोनी बेडवाल। फोटो : हरिभूमि

#### ज्यादा बारिश व गर्मी के कारण खराब होती सब्जियां

*सब्जी व्यापारी सतपाल कदम व जोनी बेडवाल ने बताया कि मानसून सीजन में सब्जियों के दामों में अक्सर बढ़ोतरी हो जाती हैं। जुलाई व अगस्त माह में ज्यादा बरसात के कारण सब्जियों के दाम आसमान को छूने लगते हैं। वहीं बारिश की वजह से टमाटर व मिर्च के नाकू गल जाते हैं। ज्यादा बरसात होने की वजह से सब्जियों की बेल व पौधों के फूल झड़ व जल जाते हैं और खराब हो जाती हैं। वहीं बारिश में सब्जियों की पैदावार घट जाती हैं और मंडियों में डिमांड ज्यादा और सब्जियां कम पहुंचने से भावों में जबरदस्त उछाल आ गया हैं।*

#### ये हैं सब्जियों के भाव

| सब्जी का नाम | पहले के दाम | अब के दाम |
|---|---|---|
| टमाटर | 40 | 100 |
| हरी मिर्च | 30 | 100 |
| फूल गोभी | 50 | 100 |
| धनिया | 80 | 200 |
| शिमला | 60 | 140 |
| नींबू | 50 | 100 |
| पोदीना | 60 | 120 |
| ततिया हरी मिर्च | 60 | 140 |
| लहसुन | 100 | 140 |
| पालक | 20 | 40 |
| भिंडी | 20 | 40 |
| तोरी | 20 | 40 |
| पॉली हाऊस खीरा | 30 | 50 |
| करेला | 30 | 50 |
| देशी खीरा | 20 | 30 |
| टींडा | 60 | 100 |
| बंद गोभी | 20 | 40 |
| प्याज | 14 | 25 |
| आलू | 13 | 20 |
| पहाड़ी आलू | 20 | 30 |
| बैंगन | 15 | 30 |
| पॉलीहाऊस मक्का | 30 | 50 |
| देशी मक्का | 15 | 30 |
| मटर | 100 | 160 |

नोट : सभी सब्जियों के भाव प्रति किलोग्राम में हैं।

#### राजस्थान से टमाटर की आवक हुई बंद

व्यापारी सतपाल व जोनी ने बताया कि एक सप्ताह पहले राजस्थान से टमाटर आता था, लेकिन अब राजस्थान के टमाटर की आवक बंद हो गई हैं, जिसकी वजह से भाव आसमान छूने लगे हैं। जिलेभर की मंडियों में टमाटर की खपत ज्यादा हैं और हिमाचल प्रदेश व बैंगलोर से 700 कैरेट टमाटर ही आ रहा हैं, जो पर्याप्त नहीं हैं। बरसाती पानी की वजह से सब्जियों की गाड़ियां जाम में फंस रही हैं। वहीं बरसात की वजह से खेतों में टमाटर व अन्य सब्जियों की तुड़ाई व भराई नहीं हो पाती और खेत में पानी जमा होने से सब्जियां खेत में ही खराब हो जाती हैं।

#### कीड़ा व मरोड़िया लगने से सब्जियां हो रही खराब

रिवाड़ीखेड़ा निवासी किसान विरेंद्र मिंटू व सुभाष, ढाणी हरसुख निवासी गोलिया, जयबीर पनिहार व बनारसी सैनी ने बताया कि बरसात के कारण तोरी, घीया, बैंगन, पालक व मिर्च की फसल में कीड़ा व मरोड़िया लग जाता हैं, जिसकी वजह से सब्जियों के पौधें व बेल खराब हो जाती हैं और गल जाती हैं। कीड़ा व पानी की वजह से सब्जियों की पैदावार भी घट रही हैं, ऐसे में सब्जियों की मांग ज्यादा और पैदावार कम होने से भाव आसमान को छूते हैं।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान : स्कूलों को पौधे वितरित किए

**बाढड़ा।** एक पेड मां के नाम अभियान के तहत मंगलवार को खंड बाढ़ड़ा में समवयक सुंदरलाल फौगाट ने विभिन्न राजकीय स्कूलों में पहुंच कर वहां स्टाफ व विद्यार्थियों के बीच पौध का वितरण किया, इसके साथ ही पौधरोपण भी करवाया गया। नर्सरी से पौध प्राप्त कर निःशुल्क इनका वितरण विद्यालयों में किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर जीवन की निरंतरता और निरंतरता में अपनी अभिन्न भूमिका के कारण, पेड़ों को हमारे पर्यावरण का संरक्षक माना जाता है। पौधे लगाना एक छोटा सा प्रयास हो सकता है, लेकिन इसके परिणाम विशाल होते हैं। वमावि कारी धारणी के प्राचार्य प्रीतम कुमार की अध्यक्षता में डॉक्टर मनोज कुमार प्रवक्ता संस्कृत ने एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाया।

### आज 399 परीक्षा केन्द्रों पर होगी एचटेट परीक्षा

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर व सचिव डॉ. मुनीश नागपाल ने प्रेस वक्तव्य में बताया कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2024 के सफल संचालन हेतु सभी पुख्ता प्रबन्ध व आवश्यक तैयारियां कर ली गई हैं। कल यानि 30 जुलाई को लेवल-3 (पीजीटी) की परीक्षा 399 परीक्षा केन्द्रों पर संचालित करवाई जाएगी। इस परीक्षा में प्रदेशभर में 1,20,945 अभ्यर्थी प्रविष्ट होंगे, परीक्षा का समय सायंकालीन सत्र में 3:00 से 5:30 बजे तक रहेगा। 31 जुलाई को लेवल-2 (टीजीटी) की परीक्षा 673 परीक्षा केन्द्रों पर प्रातःकालीन सत्र में 10:00 से 12:30 बजे तक एवं लेवल-1 (पीआरटी) की परीक्षा 280 केन्द्रों पर सायंकालीन सत्र में होगी।

### धावक रामकिशन शर्मा ने सीएम का अभिनंदन किया

**बाढड़ा।** अंतरराष्ट्रीय धावक रामकिशन शर्मा ने सीएम नायबसिंह सैनी का अभिनंदन कर सरकारी शर्तो में बदलाव कर वयोवृद्ध खिलाडियों को सरकार द्वारा उचित मान सम्मान देने की अपील की। सीएम ने उनको जल्द ही कोई कदम उठाने का भरोसा दिया। सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात करते अंतरराष्ट्रीय धावक रामकिशन शर्मा के बारे में विधायक उमेद पातुवास व डा. अजय शर्मा भांडवा ने बताया कि गांव भांडवा निवासी हरियाणा प्रदेश की झोली में अनेक नामचीन प्रतियोगिताओं में 280 मैडल जीतने वाले रामकिशन शर्मा पिछले बीस वर्षो से खेल क्षेत्र में सक्रिय हैं और अब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छह गोल्ड मैडल, राष्ट्रीय स्तर के 154 गोल्ड, 27 सिल्वर, राज्य स्तर के मुकाबलों में88 गोल्ड, 5 ब्रांज समेत 280 मैडल जीतकर नया इतिहास बनाया है। प्रदेश सरकार ने कर्मचारी चयन आयोग की भर्ती में भी उसकी उपलिब्ध पर प्रश्न जारी किया।

## जुड़वां भाई हर्षित और हर्षिल ने जन्मदिन पर किया पौधरोपण



**भिवानी।** जुड़वां भाई हर्षित और हर्षिल अखरिया पिछले तेरह वर्षों से अपने जन्मदिन को पर्यावरण जागरुकता के रुप में मनाते आ रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को भी उन्होंने अपने चौदहवें जन्मदिन पर न केवल पौधरोपण किया बल्कि अन्य बच्चों को पौधे वितरण कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। हर्षित और हर्षिल अखरिया ने जन्मदिन पर आदर्श नगर के पार्क में पौधारोपण करते हुए कहा कि जन्मदिन एक बहुत ही खुशी का मौका होता है पर यह खुशी चार गुना हो जाती है अगर हम अपने जन्मदिन को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ देते है। उन्होंने कहा कि प्रकृति को ईश्वर का दूसरा रूप कहा जाता है। पेड़ों पर प्रकृति निर्भर रहती है। पौधारोपण करना प्रकृति का संरक्षण और संवर्धन है। पेड़ों की कमी से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है।



भिवानी। अपने पौत्र के जन्मदिन पर पौधे लगाते सज्जन कुमार।

### दादा ने पौधरोपण कर पौत्र का मनाया जन्मदिन

**भिवानी।** गांव कलिंगा निवासी सज्जन कुमार ने अपने पौत्र खगेश कौशिक के 26वें जन्मदिन पर कलिंगा स्कूल में पौधरोपण करके पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। इस दौरान सज्जन कुमार ने 26 पौधों का रोपण करके अपने 26 वर्षीय पौत्र जन्मदिन मनाया। सज्जन के पौत्र खगेश अमेरिका में इंजीनियर है। सज्जन का कहना है कि पौधरोपण के लिए सभी युवा अपने-अपने स्तर पर पौधारोपण में आगे आएं, तभी भयंकर रूप से प्रदूषित होते पर्यावरण को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपने जन्मदिन पर अन्य कार्यो में लाखों रुपये खर्च करता है, जो मात्र फिजूलखर्ची है। उन्होंने कहा कि हमें विभिन्न अवसरों पर फिजूलखर्ची ना करे प्रकृति के प्रति जागरूक होकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करना चाहिए, क्योंकि स्वार्थी मानव ने अपने लगातार पेड़ तो काटे, लेकिन उसे लगाना भूल गया, जिससे पर्यावरण में असंतुलन की समस्या उग्र होती जा रही है। इस मौके पर प्राचार्य बजरंग तंवर, संचालिका रेणुका शर्मा सहित अन्य अध्यापक मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक सोमबीर ने पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा से की मुलाकात, आंदोलन को लेकर किया मंथन

हरि भूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

- पार्टी संगठन को लेकर विस्तारपर्वूक चर्चा की

पूर्व विधायक व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सोमबीर श्योराण ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा से मुलाकात की। इस दौरान दक्षिणी हरियाणा में फसलों पर प्राकृतिक आपदा का मुआवजा वितरण में गोलमाल व डीएपी की किल्लत पर सरकार पर दबाव बनाने के लिए आंदोलन शुरु करने के लिए विचार विमर्श किया तथा पार्टी संगठन को लेकर विस्तारपर्वूक चर्चा की।

दिल्ली स्थित सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के आवास पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा व पार्टी प्रदेशाध्यक्ष उदयभान से मुलाकात करते हुए बताया कि भिवानी व चरखी दादरी जिले में वर्ष 2020 के खरीफ सीजन व वर्ष 2025 के रबी सीजन में प्राकृतिक आपदा के कारण खराबें की भेंट चढी फसलों के मुआवजे को जानबूझ कर कम कर किसानों के साथ भद्दा मजाक किया है। इससे किसानों को मजबूरन आंदोलन चलाना पड़ रहा है वहीं दादरी जिले में सभी पद रिक्त होने से आमजन की परेशानी से जूझ रहे हैं। सीएम की झोझू रैली में भी बाढड़ा में बाईपास, कस्बे से गुजरने वाले हिसार रेवाड़ी सडक़मार्ग के नवीनीकरण, जाम से मुक्ति दिलवाने के लिए बाईपास, बाढड़ा, मांढी, कादमा कॉलेजों में रिक्त स्टाफ को लेकर कोई गंभीरता नहीं बरती गई है।

दक्षिणी हरियाणा के हिसार, भिवानी, दादरी, नारनौल झज्जर जैसे जिलों में पहले एक से डेढ माह तक नहरी पानी न आने व बिजली आपूर्ति में कटौती से किसान व आमजन को पीने के पानी की भी मुश्किल खड़ी हो गई है वहीं अब बरसाती पानी खड़ा हो गया है जिससे कपास, ग्वार व बाजरे की फसल खराब हो गई। जिले से ही संबध रखने वाले सरकार के मंत्री व सांसद जनता को बरगला रहे हैं जबकी सीएम के सामने उन्होंने एक भी मुद्दा नहीं उठाया।

सरकार की भर्ती नियमों के कारण हाईकोर्ट के फैसलें से सबसे अधिक इसी क्षेत्र की मेद्यावी प्रतिभाओं को नियमित से अस्थाई नौकरियों के नाम सांत्वना दी जा रही है। देश के इतिहास में पहली बार स्थाई कर्मचारियों को अस्थाई नौकरी देने का दावा किया जा रहा है। इन नौकरियों के नाम पर भाजपा दो बार लोकसभा व विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को भ्रमित कर चुकी है जिससे जनता में रोष बना हुआ है। पूर्व सीएम हुड्डा ने कहा कि अब बरसात के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता अब घर घर दस्तक देकर सरकार की कलई खोलने का काम करेगी।

### डॉ. सदानंद महाराज के जन्मदिन पर लगेगा शिविर

**भिवानी।** स्वामी डॉ. सदानंद महाराज के 81वें जन्मदिन पर श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा समिति व नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) की शाखा ने संयुक्त रूप से चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर एक अगस्त को प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में भिवानी के अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल बतौर मुख्यतिथि शिरकत करेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### गंगा जलाभिषेक रथ यात्रा निकाली

**भिवानी।** श्रावण मास में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री धामाण खाप 12 एवं राष्ट्रीय वीर एकलव्य कल्याण वाहिनी के संयुक्त तत्वाधान में तीसरी बार शहीद प्रतिमाओं पर गंगा जलाभिषेक रथ यात्रा निकाली गई। जिसका शुभारंभ कलिंगा से किया गया जोकि सीसर खास में सम्पन्न हुई। डा. कपूर लडवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगा जलाभिषेक रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा के दौरान शहीदों की प्रतिमाओं को गंगाजल से सिंचा गया तथा शहीदों की प्रतिमाओं पर राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

## महेश कुमार बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



- चुनाव अधिकारी रोहतक विवि के पूर्व सुप्रीडेंट राधे श्याम शर्मा रहे।
- डॉ. प्रीतपाल सिंह सलूजा महासचिव बने

हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के वर्ष 2025-2028 के लिए कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए। नई कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। चुनाव अधिकारी रोहतक विवि के पूर्व सुप्रीडेंट राधे श्याम शर्मा रहे।

खरकीया ने बताया कि हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद पर महेश कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्व सांसद डॉ. प्रदीप कुमार बालमुचू, उपाध्यक्ष योगेश मेहता, बृजकिशोर शर्मा व डॉ. दुराई, महासचिव पद के लिए डॉ. प्रीतपाल सिंह सलूजा, सहसचिव के लिए रणधीर सिंह, शायमला पवन कुमार, राधा अलहवात, वारुणी नेगी, कोषाध्यक्ष डॉ. गुरशरण सिंह गिल एव कार्यकारिणी सदस्य के लिए रविन्द्र सिंह, जिले सिंह, बीरेंद्र कुमार बेहरा, आशुतोष शर्मा चुने गए। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि वे निष्ठापूर्वक काम करेंगे।

## ट्यूबवेल आपरेटरों का धरना दूसरे दिन भी जारी, विभाग के खिलाफ की नारेबाजी

हरि भूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

जनस्वास्थ्य विभाग के ट्यूबवैल आपरेटरों ने मांगों को लेकर विभाग के उपमंडल कार्यालय पर दूसरे दिन भी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रोष जताया। कर्मचारियों ने विभाग को दो टूक चेतावनी दी कि उनकी मांगों को लेकर गंभीरता नहीं बरती तो दो दिन बाद पेयजल आपूर्ति ठप्प कर दी जाएगी।

एसडीओ ने ट्यूबवैल आपरेटरों की मांगों को पूरा करने का भरोसा भी दिया लेकिन लिखित में न देने पर धरना न उठाने का फैसला लिया। कस्बे के ढिग़ावा मंडी रोड़ पर धरने की अध्यक्षता प्रताप शर्मा बाढड़ा ने की।

उन्होंने कहाकि हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन संबधित जनस्वास्थ्य विभाग कर्मयों ने जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन आयोजित कर सरकार पर कच्चे व स्थाई कर्मियों के हितों से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। संगठन प्रदेशाध्यक्ष ईश्वर सिंह शर्मा ने कहा कि आंदोलनकारी कर्मचारियों के साथ सरकार ज्यादती बरत रही है।

### खेलकूद प्रतियोगिता में बाल प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

## कब्बड्डी में कैप्टन हाई स्कूल व खो-खो में पीएस नवयुग छाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम





तोशाम। खेलकूद प्रतियोगिता के कबड्डी मैच में अंक लेने का प्रयास करते हुए व खेल कूद प्रतियोगिता से पूर्व बच्चों को संबोधित करते हुए।

चौ. सुरेन्द्र सिंह खेल स्टेडियम में आयोजित खण्ड स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताओं में कब्बड्डी में कैप्टन हाई स्कूल तोशाम और खो-खो में पीएस नवयुग स्कूल और राजकीय हाई स्कूल पिंजोखरा का दबदबा रहा।

आयोजित खंड स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिताओं में अंडर -14 लङकियो के कब्बड्डी में कैप्टन हाई स्कूल तोशाम प्रथम,आरएस बाल मंदिर ईशरवाल द्वितीय, राजकीय सिनियर सैकैण्ड स्कूल खानक तृतीय स्थान पर रहा। वहीं लड़कों के वर्ग में कैप्टन हाई स्कूल तोशाम पहले, डीबीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल दुल्हेडी दूसरे और राजकीय सीनियर सैकैण्ड स्कूल खानक तीसरे स्थान पर रहा।

अंडर- 11 वर्ष आयु वर्ग के लड़कों में डीबीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल दुल्हेडी प्रथम, आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल मिरान द्वितीय और कैप्टन हाई स्कूल तोशाम तृतीय स्थान पर रहा। खो खो खेल प्रतियोगिता के अंडर-14 आयु वर्ग के लङको में राजकीय सीनियर सैकैण्ड स्कूल खरकङी झांवरी पहले, पीएस नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल तोशाम दूसरे और राजकीय हाई स्कूल पिंजोखरा तीसरे स्थान पर रहा। लङकियो के में राजकीय हाई स्कूल पिंजोखरा प्रथम,पीएस नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल तोशाम द्वितीय व राजकीय हाई स्कूल ढाणी रिवासा तृतीय स्थान पर रहा है। जोनल स्तरीय स्कूली खेल-कूद प्रतियोगिता खण्ड तोशाम में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के चैस में अंडर-14 लङको में डीबीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल दुल्हेडी के कार्तिक प्रथम, हार्दिक द्वितीय, हिमांशु तृतीय स्थान पर रहा।